आका□ावाणी श्री विजयपुरम

<><><><><><><><><>

दिनांक : 23.11.2026 समय : 0705

1. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के पार्षद ने उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर विभिन्न स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया।
2. अनिम्स की ओर से विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।
3. प्रदर्शनी मैदान में आयोजित सरस आजीविका मेला 29 नवम्बर तक चलेगा।
4. खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के पार्षद आर. सोमेश्वर राव ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। उपराज्यपाल ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके अलावा, जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष लोक अभियोजकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल को न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह आयुर्विज्ञान संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने हाल ही में जी.बी. पंत अस्पताल में विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की थीम – 'वन हेल्थ, वन एक्शनः प्रिवेंट एएमआर नाउ' थी, जिसमें रोगाणुरोधी प्रतिरोध से निपटने के लिए

मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य क्षेत्रों में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अनिम्स के निदेशक ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अपने मूल्यवान विचार साझा किए। उन्होंने इस बढ़ती जनस्वास्थ्य समस्या के बारे में जानकारी देते हुए जिम्मेदार एंटीबायोटिक उपयोग और एएमआर से निपटने के सामूहिक प्रयासों के महत्व पर ज़ोर दिया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता वी. आर. ने भी विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। एएमआर नोडल अधिकारी डॉ. के. स्नेहा ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जिम्मेदार एंटीबायोटिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करने तथा 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण के माध्यम से एएमआर से निपटने के महत्व को रेखांकित किया।

उत्कल समाज की ओर से बोइता बंडन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ओडिशा की संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित करना तथा नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। ओड़िशा समुदाय द्वारा आयोजित यह महोत्सव कल कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर मनाया जाएगा।

समग्र शिक्षा की समावेशी शिक्षा योजना के अंतर्गत, ब्लॉक परियोजना कार्यालय, डिगलीपुर की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 'दिव्य कला मेला' एवं 'दिव्य कला शक्ति' पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न प्रदर्शनियों और रचनात्मक गतिविधियों के प्रदर्शन किए गए। इस कार्यक्रम में डॉ. एम. मलिका मुख्य अतिथि, जबकि सुभाषग्राम ग्राम पंचायत प्रधान सिंगाराम और ब्लॉक परियोजना अधिकारी डॉ. सी. पुष्पावल्ली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रदर्शनी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के भी आयोजन किए गए।

आकाशवाणी, श्री विजयपुरम में हिंदी युवावाणी कार्यक्रम के लिए आकस्मिक कम्पीयर का पैनल तैयार करने हेतु ऑडिशन का आयोजन किया जाएगा। इस ऑडिशन के लिए 12वीं पास, 30 वर्ष से कम आयु वर्ग के नगरपालिका क्षेत्र के निवासी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को हिंदी और अंग्रेज़ी का ज्ञान होना आवश्यक है। इच्छुक उम्मीदवारों को एनईएफटी या ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 118 रुपये का शुल्क प्रसार भारती, बीसीआई, एआईआर पोर्ट ब्लेयर के पते पर जमा करना होगा। आवेदन पत्र ड्यूटी रूम से प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन फॉर्म स्व–सत्यापित आवश्यक दस्तावेजों के साथ 13 दिसंबर तक आकाशवाणी में जमा किए जा सकते हैं।

<>

अंडमान निकोबार प्रशासन के ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्था एवं स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से प्रदर्शनी मैदान में सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण महिला उद्यमियों और पारंपरिक कारीगरों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने, स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा देने और व्यापक विपणन अवसरों का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। आठवें दिन मेले में लगभग 3 लाख रुपये की कुल बिक्री दर्ज की गई। मेंले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। यह मेला 29 नवंबर तक जारी रहेगा।

<>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से 6 से 9 दिसंबर तक नेताजी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में 3x3 ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह चैम्पियनशिप 6 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शुरू होंगे।

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने प्रदर्शनी मैदान में 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान फूड स्टॉल, सामान्य स्टॉल, कियोस्क और खुले स्थानों के आवंटन के लिए इच्छुक होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, निजी फर्मों, खाद्य विक्रेताओं, स्थानीय कारीगरों और अन्य पात्र प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देशों, किराया शुल्क और नियमों व शर्तों के साथ आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों और स्टॉल किराए तथा सुरक्षा जमा राशि के डिमांड ड्राफ्ट के साथ 25 नवंबर को शाम 5 बजे तक परिचालन अनुभाग में जमा करने होंगे। आवेदन पत्रों की जांच 27 नवंबर को, पुनः विज्ञापन 30 नवंबर, लॉटरी के माध्यम से स्टॉलों का आवंटन 4 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक और आवंटन पत्र 07 दिसंबर को जारी किया जाएगा। महोत्सव के दौरान स्टॉलों पर सिंगल–यूज़ प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित है। अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक आवेदक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निदेशालय के परिचालन प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

कृषि विभाग में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की योजना –रेज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक नर्सरी तकनीकों पर चार दिवसीय क्षेत्र–केंद्रित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कीट एवं रोग प्रबंधन, पॉटिंग, छंटाई, पौधों के रखरखाव, ग्रेडिंग तथा बिक्री के लिए पौधों के प्रबंधन की जानकारी दी गई।

अंडमान निकोबार अभिलेखागार में अगले बैच के लिए अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति हेतु इतिहास विषय में स्नातक की डिग्री पूरी कर चुके पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिलेखीय प्रबंधन, ऐतिहासिक अभिलेखों के परिरक्षण एवं संरक्षण, सूचीबद्ध करने, डिजिटलीकरण और अभिलेख प्रबंधन में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। यह नियुक्ति दिसंबर से फरवरी 2027 तक तीन महीने की अवधि के लिए की जाएगी। चयनित दस प्रशिक्षुओं को 10 हज़ार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन 25 नवंबर तक सचिवालय में जमा कर सकते हैं।

